भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2182

जिसका उत्तर गुरुवार, 04 अगस्त, 2022 को दिया जाना है

उच्च न्यायालय की पीठ स्थापित करने की योजना

2182 श्री हरनाथ सिंह यादव:

श्री विजय पाल सिंह तोमर:

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश राज्य सहित विभिन्न राज्यों में उच्च न्यायालय की पीठ स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन पीठों की स्थापना के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए मानदंड / औपचारिकताएं क्या हैं; और

(घ) उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां अब तक ऐसी पीठें स्थापित की जा चुकी हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : उच्च न्यायालय की खंडपीठें, जसवंत सिंह आयोग द्वारा की गई सिफारिशों और वर्ष 2000 की रिट याचिका (सिविल) संख्या 379 में शीर्ष न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार और उस राज्य सरकार, जिसे आवश्यक व्यय और अवसंरचना प्रसुविधाएं प्रदान करनी हैं के किसी पूर्ण प्रस्ताव पर विचार करने के पश्चात् और संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जिसके द्वारा उच्च न्यायालय के दिन प्रतिदिन का प्रशासन किया जाना अपेक्षित है, स्थापित की जाती है । पूर्ण किए जाने वाले प्रस्ताव पर संबंधित राज्य के राज्यपाल की सहमति भी होनी चाहिए ।

समय-समय पर विभिन्न संगठनों द्वारा उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ के अलावा उच्च न्यायालय की खंडपीठों के स्थापन के लिए अनुरोध किए जाते रहे है ।

वर्तमान में, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने के संबंध में कोई पूर्ण प्रस्ताव सरकार के समक्ष लंबित नहीं है ।

प्रधान पीठ, क्षेत्राधिकार और संचालन की तारीख सहित स्थाई पीठ(पीठों) के ब्यौरे के साथ उच्च न्यायालयों की सूची दर्शाने वाला एक विवरण उपाबंध पर है ।

****

उपाबंध

उच्च न्यायालय पीठें

क्र.सं.	**उच्च न्यायालय**	**प्रधान पीठ**	**न्याय अधिकारिता**	**स्थाई पीठ और तारीख जब से पीठ कार्यरत है**
1	इलाहाबाद	प्रयागराज	उत्तर प्रदेश	1. लखनऊ (01.07.1948)
2	आंध्र प्रदेश	अमरावती	आंध्र प्रदेश	.1.1.2019 से कार्यरत उच्च न्यायालय
3	बम्बई	मुंबई	महाराष्ट्र, गोवा दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र	2. (01.05.1960) नागपुर 3. (01.07.1948) पंजयी 4. (27.08.1984) औरंगाबाद
4	कलकत्ता	कोलकाता	पश्चिमी बंगाल और अंदमान और निकाबरा द्वीप संघ राज्यक्षेत्र	- सर्किट पीठें 5. (2.5.1950) पोर्ट ब्लेयर 6. (7.2.2019) जलपाईगुरी
5	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	छत्तीसगढ	-
6	दिल्ली	नई दिल्ली	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	-
7	गुवाहाटी	गुवाहाटी	असम नागालैंड, मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश	7.(10.02.1990) कोहिमा 8. (05.07.1990) अज़ावल 9. (12.08.2000) ईटानगर
8	गुजरात	सोला (अहमदाबाद)	गुजरात	-
9	हिमाचल प्रदेश	शिमला	हिमाचल प्रदेश	-
10	जम्मू-कश्मीर और लद्दाख	जम्मू और श्रीनगर	जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र	-
11	झारखंड	रांची	झारखंड	-
12	कर्नाटक	बंगलोर	कर्नाटक	10. (24.08.2008) धारवाड 11. (31.08.2008) गुलबरगा
13	केरल	कोच्चि	केरल और लक्षद्वीप द्वीप समूह (संघ राज्य क्षेत्र)	-
14	मध्य प्रदेश	जबलपुर	मध्य प्रदेश	12. (01.11.1956) ग्वालियर 13. (01.11.1956) इंदौर
15	मद्रास	चेन्नई	तमिलनाडु और पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	14. (24.07.2004) मदुरई
16	मणिपुर	इम्फाल	मणिपुर	-
17	मेघालय	शिलांग	मेघालय	-
18	उड़ीसा	कटक	ओड़िशा	-
19	पटना	पटना	बिहार	-
20	पंजाब और हरियाणा	चंडीगढ़	पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ (संघ राज्यक्षेत्र)	-
21	राजस्थान	जोधपुर	राजस्थान	15. (31.01.1977) जयपुर
22	सिक्किम	गंगटोक	सिक्किम	-
23	तेलंगाना राज्य के लिए उच्च न्यायालय	हैदराबाद	तेलंगाना	-
24	त्रिपुरा	अगरतला	त्रिपुरा	-
25	उत्तराखंड	नैनीताल	उत्तराखंड़	-

****